PendulumEdu



करेंट अफेयर्स

26-11-2019

# करेंट अफेयर्स

**26th November 2019**

www.pendulumedu.com

# करेंट अफेयर्स – 26 नवंबर 2019

## 1. देश आज 70 वाँ संविधान दिवस मना रहा है।

- देश भर में आज 70 वाँ संविधान दिवस मनाया रहा है।
- आज ही के दिन 1949 में संविधान सभा के द्वारा भारतीय संविधान को अंगीकृत किया गया था।
- उस दिन संविधान सभा के कुल 299 सदस्यों में से 284 सदस्य उपस्थित थे, जिन्होंने संविधान पर हस्ताक्षर किये थे।
- संविधान को बनने में कुल **2 साल 11 महीने और 18 दिन** का समय लगा था।
- 26 नवंबर 1949 को अपनाये गये संविधान में **प्रस्तावना, 395 अनुच्छेद और 8 अनुसूचियां** थीं।
- इसे देश में **26 जनवरी 1950** को लागू किया गया था।
- उसी दिन से भारतीय इतिहास में गणराज्य के नये युग की शुरूवात हुई थी।
- संविधान दिवस पर आज दोनो सदनों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया जा रहा है।
- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद इस सभा को संबोधित करेगें।

## 2. कराधान विधि संशोधन विधेयक बिल 2019 लोक सभा में पेश किया गया।

- केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने कराधान विधि संशोधन विधेयक बिल 2019 लोक सभा में पेश किया।
- इस विधेयक में घरेलू कंपनियों के लिए नये विकल्प का प्रावधान किया गया है। इसके तहत वे आयकर कानून के अंतर्गत किसी छूट का दावा नहीं कर सकती। उन्हें 22 प्रतिशत की दर से कर भुगतान करना होगा।
- विधेयक में घरेलू नई विनिर्माण कंपनियों के लिए 15 प्रतिशत की दर से आयकर दाखिल करने का विकल्प रखा गया है, लेकिन ऐसे में वे आयकर कानून के अंतर्गत कोई छूट नहीं ले सकती हैं।

- वर्तमान में चार अरब तक का वार्षिक कारोबार करने वाली कंपनियों को 25 प्रतिशत की दर से और अन्य घरेलू कंपनियों को 30 प्रतिशत की दर से कर चुकाना होता है।

## 3. आवास श्रृणों से संबंधित एक नये पोर्टल 'क्लैप' की शुरूवात।

- केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आवास श्रृणों से संबंधित एक नये पोर्टल **'क्लैप'** की शुरूवात की है।
- इस नये पोर्टल की मदद से आवास श्रृण से संबंधित सब्सिडी सेवाओं के लाभार्थी अपने आवेदन की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेगें।
- साथ ही इसके द्वारा लाभार्थियों की शिकायतों का शीघ्र और समुचित समाधान संभव हो सकेगा।

## 4. बांग्लादेश में फ्लोटिंग स्कूल प्रोजेक्ट ने आगा खाँ आर्किटेक्चर पुरस्कार जीता।

- बांग्लादेश में **रजिया आलम** के फ्लोटिंग स्कूल प्रोजैक्ट ने आगा खाँ आर्किटेक्चर पुरस्कार जीता है।
- **द आर्केडियन एड्यूकेशन प्रोजैक्ट** नाम के इस स्कूल को ढ़ाका के निकट बनाया जाएगा।
- आगा खाँ आर्किटेक्चर पुरस्कार लोगों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने और ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए किये गये प्रयासों के संबंध में दिया जाता है।
- यह पुरस्कार तीन साल में एक बार दिया जाता है।
- इसमें उपहार स्वरूप **1 मिलियन अमेरिकी डॉलर** की राशि प्रदान की जाती है।

## 5. दिल्ली विधानसभा तीन दिवसीय राष्ट्रमंडल युवा संसद की मेजबानी कर रही है।

- दिल्ली विधानसभा के द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रमंडल युवा संसद की मेजबानी की जा रही है।

- यह ऐसा पहला मौका है जब कोई भारतीय विधानमंडल कॉमनवेल्थ युवा संसद का आयोजन कर रहा है।
- इस आयोजन में भारत के 11 प्रतिभागियों के साथ 24 कॉमनवेल्थ देशों के 47 प्रतिभागी भी हिस्सा लेने वाले हैं।
- इस आयोजन में लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला मुख्य अतिथि होगें।
- राष्ट्रमंडल/ कॉमनवेल्थ युवा संसद के आयोजन का उद्देश्य लोकतंत्र और सुशासन के लिए एक संस्था के रूप में विधायिका की भूमिका और उद्देश्य को प्रदर्शित करना है।

### 6. उच्चतम न्यायालय का महाराष्ट्र विधानसभा फ्लोर टेस्ट पर फैसला आज।

- उच्चतम न्यायालय महाराष्ट्र विधानसभा में तुरंत बहुमत परीक्षण कराने के संबंध में विभिन्न पार्टियों की याचिका पर आज फैसला सुनाएगा।
- **फ्लोर टेस्ट** सदन में चलने वाली एक पारदर्शी प्रक्रिया है, जिसके द्वारा सत्तारूढ़ दल को सदन में अपना बहुमत साबित करना होता है।
- यह समस्त प्रक्रिया प्रोटेम स्पीकर/स्पीकर के समक्ष होती है।
- इसमें राज्यपाल का कोई हस्तक्षेप नहीं होता।

### 7. दादरा और नगर हवेली एवं दमन दीव के विलय का विधेयक लोकसभा में पेश किया गया।

- दादरा और नगर हवेली एवं दमन दीव को मिलाकर एक करने संबंधी **मर्जर ऑफ यूनियन टेरीटिरीज बिल 2019** लोकसभा में पेश किया गया।
- दादरा और नगर हवेली में एक एवं दमन दीव में दो जिले हैं।
- विलय के बाद नये केंद्रशासित प्रदेश का नाम **दादरा, नगर हवेली एवं दमन दीव** होगा।
- एक दूसरे से 35 किमी. दूर स्थित इन केंद्रशासित प्रदेशों को बेहतर प्रशासन देने के उद्देश्य से मिलाया जा रहा है।

## 8. स्कॉटिश ओपन बैडमिंटन में पुरूष सिंगल्स का खिताब लक्ष्य सेन ने जीता।

- भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने स्कॉटिश ओपन बैडमिंटन में पुरूष सिंगल्स का खिताब जीत लिया है।
- उन्होनें यह खिताब ब्राजील के गोर कोल्हो को हराकर जीता है।
- 18 वर्षीय लक्ष्य ने तीन माह में यह चौथा खिताब जीता है।
- इस प्रतियोगिता का आयोजन **ग्लासगो, स्कॉटलैंड** में किया गया था।

## 9. भारतीय तीरंदाजों ने एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता।

- भारतीय तीरंदाज **दीपिका कुमारी** और **अतानु दास** ने एशियन चैंपियनशिप में रिकर्व और कंपाउंड मिश्रित स्पर्धा में कांस्य पदक जीत लिया है।
- उन्होंने चीन को 6–2 से हराकर यह खिताब जीता है।
- इस प्रतियोगिता का आयोजन **बैंकॉक, थाईलैंड** में किया गया था।

## 10. संग्राम दहिया और वर्षा वर्मन ने डबल ट्रैप राष्ट्रीय खिताब जीता।

- 63 वीं राष्ट्रीय शॉटगन चैंपियनशिप में हरियाणा के संग्राम दाहिया और मध्य प्रदेश की वर्षा वर्मन ने स्वर्ण पदक जीत लिया है।
- पुरूष वर्ग में संग्राम ने पूर्व विश्व चैंपियन अंकुर मित्तल को पीछे छोड़ते हुये 150 में से 142 गोल दागे।
- दोनो ने अपने–अपने राज्यों के लिए टीम गोल्ड भी जीत लिया है।
- इस प्रतियोगिता का आयोजन **नई दिल्ली** में किया गया था।

## समसामयिक प्रश्नोत्तर

1. इस वर्ष राष्ट्र कौन सा संविधान दिवस मना रहा है?

a. 70 वाँ

b. 71 वाँ

c. 72 वाँ

d. 73 वाँ

उत्तर– a

2. वर्तमान में चार अरब तक का वार्षिक कारोबार करने वाली कंपनियों को कितने प्रतिशत कर भुगतान करना होता है?

a. 15 प्रतिशत

b. 25 प्रतिशत

c. 20 प्रतिशत

d. 10 प्रतिशत

उत्तर– b

3. हाल ही में आवास श्रृणों से संबंधित कौन से नये पोर्टल की शुरूवात की गई है?

a. ग्रह सुविधा

b. आवास

c. क्लैप

d. होम

उत्तर– c

4. आगा खाँ आर्किटेक्चर पुरस्कार में उपहार स्वरूप कितनी राशि भेंट की जाती है?

a. 3 मिलियन अमेरिकी डॉलर

b. 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर

c. 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर

d. कोई नगद राशि नहीं प्रदान की जाती है।

उत्तर– c

5. फ्लोर टेस्ट में निम्नलिखित में से किस व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण होती है?

a. राज्यपाल

b. राष्ट्रपति

c. महान्यायवादी

d. स्पीकर

उत्तर– d

6. किन दो केंद्रशासित प्रदेशों के विलय संबंधी बिल लोकसभा में पेश होने वाला है?

a. दिल्ली और पुद्दूचेरी

b. पुद्दूचेरी और दमन दीव

c. दादरा और नगर हवेली एवं दमन दीव

d. दादरा और नगर हवेली एवं दिल्ली

उत्तर– c

7. राष्ट्रमंडल युवा संसद का आयोजन किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में किया जा रहा है?

a. असम

b. नई दिल्ली

c. उत्तर प्रदेश

d. कर्नाटक

उत्तर– b

8. स्कॉटिश ओपन बैडमिंटन में पुरूष सिंगल्स का खिताब किसने जीता है?

a. मृणाल गोस्वामी

b. लक्ष्य सेन

c. सुरेश वर्मन

d. पंकज आडवाणी

उत्तर– b

9. एशियन तीरंदाजी चैंपियनशिप का आयोजन कहाँ किया गया?

a. बैंकॉक

b. हनोई

c. नई दिल्ली

d. ढ़ाका

उत्तर– a

10. 63 वीं राष्ट्रीय शॉटगन चैंपियनशिप में संग्राम दहिया ने किसको हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया है?

a. अंकुर मित्तल

b. प्रशांत सिंह

c. पंकज पटेल

d. विश्वनाथ कुमार

उत्तर– a

Attempt Free SSC CPO Paper I Mock Test

www.pendulumedu.com

Pendulum Edu

Read Daily Current Affairs 25 November 2019-Hindi

Read Daily Current Affairs 25 November 2019-English

Read Banking/Financial Awareness 26 November 2019-English

Attempt Free IBPS CLERK PRELIMS Mock Test

**Banking, SSC, Railways, Defence, GATE, JEE, NEET & other Competitive Exams**

- Latest Exam Pattern
- Daily Current Affairs
- One to One Session
- Detailed Solutions
- Can be Taken on Web & Mobile



www.pendulumedu.com